तापमान
अधिकतम 36 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, रविवार, 21 सितंबर 2025

14 दहेज लेकर गर्भवती की हत्या का आरोप...



14 सीएम के आगमन पर, दुकानदार करेंगे अधर में लटकी सड़क...



## खबर संक्षेप

### किसानों के खेतों से दो ट्रांसफार्मर चोरी

**गोहाना।** गांव भावड़ से दो किसानों के खेतों से बिजली निगम के ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए गए। ये ट्रांसफार्मर किसान मौजीराम और महाबीर के खेत में लगाए गए थे। दोनों किसानों ने निगम से सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चलाने को कनेक्शन ले रखे हैं। किसान खेत में गए तो खंभों पर ट्रांसफार्मर नहीं मिले। किसानों ने निगम के अधिकारियों को सूचना दी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची। टीम ने एसडीओ को रिपोर्ट की। निगम को लगभग सवा लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### मोबाइल छीनने की घटना में दो और पकड़े

**सोनीपत।** थाना कुण्डली पुलिस ने युवक से मोबाइल छीनने की घटना में संलिप्त दो और आरोपितों को प्रोडक्शन वॉरंट पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अभिषेक पुत्र मनोज निवासी जिला देवघर झारखंड, हाल कुण्डली सोनीपत और मुकुल पुत्र अर्जुन निवासी कुण्डली शामिल हैं। उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई 2025 को अतुल पुत्र सुरजीत निवासी जिला कन्नौर, उत्तर प्रदेश, जो वर्तमान में किराए के कमरे में रह रहे हैं, फैक्ट्री से काम करके लौट रहे थे।



### फसल अवशेष प्रबंध में कृषि यंत्रों के बारे में बताया

**सोनीपत।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा फसल अवशेष प्रबंध में कृषि यंत्रों का योगदान विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन में उपयोग होने वाली मशीनों की कार्यप्रणाली, सही उपयोग, मशक्कत एवं रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### एसीपी ने शिविर में मिली शिकायतों पर की सुनवाई

**गन्नौर।** पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को गन्नौर एसीपी कार्यालय में पुलिस समाधान शिविर लगाया जाएगा। शनिवार को एसीपी कार्यालय में पहला पुलिस समाधान शिविर लगाया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित समाधान शिविर के दौरान एसीपी ऋषिकांत ने पीड़ति व्यक्तियों द्वारा रखी गई शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई करने तथा शिकायतों का शीघ्रता से निपटारा करने के निर्देश दिए। एसीपी षिकांत ने बताया कि आपसी घरेलू एवं लेन-देन के विवादों, दहेज प्रताड़ना, लड़ाई झगड़ा तथा आपराधिक मुकदमों से संबंधित शिकायतों का किया समाधान।

## 25 से अधिक नामजद थाने में एफआईआर दर्ज

### सोनीपत में सफाई कर्मचारियों और निगम अधिकारियों में भिड़ंत का मामला

*पीडब्ल्यूडी कार्यालय और निगम परिसर में मारपीट और तोड़फोड़ की थी, यही नहीं, अधिकारी भीड़ से बचने के लिए पीडब्ल्यूडी कार्यालय में घुसा, जांच जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नगर निगम और ठेका सफाई कर्मचारियों के बीच हिंसक संघर्ष ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। घटना में 25 से अधिक कर्मचारियों को आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज की है, जबकि कर्मचारियों द्वारा जातिसूचक शब्दों और महिलाओं से अभद्रता के आरोप की गहन जांच जारी है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि हाथापाई होते दिखाई दे रही है। अधिकारी जब बचाव के लिए भागते हैं तो कर्मचारी उनके पीछे दौड़ते हैं। कर्मचारियों ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के शीशे भी तोड़ डाले।

- कर्मचारियों द्वारा जातिसूचक शब्दों और महिलाओं से अभद्रता के आरोप की गहन जांच जारी है

नगर निगम की ओर से पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि सफाई शाखा के अधिकारी मुख्य गेट पर धरना दे रहे ठेका सफाई कर्मचारियों से बातचीत करने के लिए धरना स्थल पर गए थे। सफाई कर्मचारियों ने निगम अधिकारी और ठेकेदारों को दौड़ा लिया। उनके साथ जमकर मारपीट की गई। यही नहीं, अधिकारी भीड़ से बचने के लिए पीडब्ल्यूडी कार्यालय में घुस गया। भीड़ भी पीछे-पीछे कार्यालय तक पहुंच गई। वहां तैनात चौकीदार ने भीड़ को देखकर गेट बंद किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। वहीं, दूसरी शिकायत पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ राकेश कुमार की शिकायत पर सिविल लाइन थाना में 25 से ज्यादा अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।





सोनीपत। पीडब्ल्यूडी कार्यालय में टूटे शीशे व निगम कार्यालय में जांच के लिये पहुंचें पुलिस अधिकारी।

#### नगर निगम कार्यालय में तोड़फोड़ और मारपीट

जिसमें आरोप लगाया गया है कि भीड़ ने कार्यालय में भी तोड़फोड़ की। हंगामे में चौकीदार निशांत गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे अस्पताल ले जाया गया था। वहीं, मामले में महिला सफाई कर्मचारियों ने भी गाली-गलौज बदतमीजी और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किए जाने को लेकर नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सत्येंद्र,कृष्ण, ठेकेदार सोनू सिहाग और जतिन के खिलाफ शिकायत दी है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

#### नगर निगम का पक्ष


नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सफाई के लिए नया ठेका हुआ है। रात के समय सफाई निरीक्षक जांच के लिए निकले थे। इनमें से कुछ सफाई कर्मचारी मौके पर नहीं मिले, जिनको लेकर कार्रवाई की गई तो सफाई कर्मचारी भड़क गए। सफाई शाखा के अधिकारी धरने के दौरान उनसे बात करने गए तो सफाई कर्मचारियों ने हमला किया है। कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई। निगम की ओर से भी एक्शन लिया जाएगा।

- ▶▶ कर्मचारियों पर जातिसूचक शब्दों और महिलाओं से अभद्रता के आरोप
- ▶▶ पीडब्ल्यूडी कार्यालय के शीशे तोड़े गए, चौकीदार पर हमला
- ▶▶ **वीडियो साक्ष्य:** हाथापाई और अधिकारियों को दौड़ाने के दृश्य सामने आए
- ▶▶ **जांच:** पुलिस द्वारा गहन जांच जारी

#### शिकायत के आधार पर की जा रही कार्रवाई

नगर निगम और पीडब्ल्यूडी की ओर से मिली शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, अन्य शिकायत पर भी गहनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**-उमेश कुमार, प्रभारी, थाना सिविल लाइन**



सोनीपत। विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक निखिल मदान साथ में मेयर राजीव जैन एवं अन्य।

## वार्ड 15 में 1.21 करोड़ से होंगे विकास कार्य

### विधायक मदान व मेयर जैन ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वार्ड 15 में शनिवार को विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन ने लगभग 1 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नंबर 15 में इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र के अंदर सड़क के साथ साथ कच्चे पड़े क्षेत्र को इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाकर पक्का किया जाएगा। साथ ही वार्ड नं 17 की मायापुरी कॉलोनी में डी प्लान के तहत गली नंबर 4 में सीवरेज और पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य को डी प्लान के तहत विधायक निधि से 12 लाख रु की लागत से किया जाएगा। साथ ही शहर की सभी सड़कों का मरम्मत और नवनिर्माण का कार्य शुरू किया जा चुका है।

#### शहर में सड़कों को सुधारेंगे

मेयर राजीव जैन ने कहा कि बरसात का मौसम ख़त्म हो चुका है, अब टूटी हुई सभी सड़कों और गलियों का निर्माण शुरू किया जाएगा। साथ ही सभी निगम अधिकारियों को सड़कों के नवनिर्माण और मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता पर करने के सख्त आदेश दिए गए हैं, साथ ही इन कार्यों में गुणवत्ता से भी कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर निगम पार्षद अतुल जैन, पार्षद नवीन तंवर, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश आत्रेय, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी आदि रहे।

### ट्रेडिंग का झांसा देकर ठग लिये 62.57 लाख

**सोनीपत।** शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर साइबर ठगों ने न्यू जीवन नगर निवासी से 62.57 लाख रुपये की ठगी कर डाली। पीड़ित यशपाल ने साइबर थाना सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यशपाल ने बताया कि 12 अगस्त को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप संदेश आया, जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को बहुराष्ट्रीय कंपनी रस्सेल का कर्मचारी बताया और उन्हें शेयर मार्केट व ट्रेडिंग सिखाने का लालच दिया। इसके बाद उन्हें दो अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहां ऑनलाइन कक्षाएं भी करवाई गईं। कुछ दिन बाद उन्हें शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए प्रलोभन दिया गया और भरोसा दिलाया गया कि इससे मोटा मुनाफा मिलेगा। 16 अगस्त से 30 अगस्त तक यशपाल ने अलग-अलग खातों में 19 बार रुपये डलवाए, जिसकी कुल राशि 62.57 लाख रुपये थी। ठगों ने उन्हें एक फर्जी रस्सेल एप डाउनलोड करवाई, जिसके माध्यम से निवेश दिखाया जाता रहा। जब यशपाल ने एप से पैसे वापस निकालने की कोशिश की तो उन्हें भुगतान देने से मना कर दिया गया। इसी दौरान उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने तुरंत साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी।

- साइबर थाना पुलिस ने दर्ज किया केस, जांच शुरू

## एसडीएम के आश्वासन पर झिंझौली में किसानों ने धरना किया खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पावर ग्रिड बिजली लाइन के मुआवजे को लेकर झिंझौली गांव में 17 गांवों के किसान व झज्जर के प्रभावित किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर धरना शुरू किया था। इससे पहले किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी मिला था। जिन्होंने आश्वासन दिया था कि जो कमेटी मुआवजा तय करेगी किसानों को उपलब्ध करवाया जाएगा।

किसानों के धरना स्थल पर खरखौदा एसडीएम डॉक्टर निर्मल नागर पहुंचे और उन्होंने किसानों को बताया कि एक कमेटी बनेगी, जिसमें किसान शामिल होंगे और प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहेंगे। यह कमेटी फैसला लेगी कि किसानों को कितना मुआवजा दिया जाना है।



खरखौदा। झिंझौली में धरना प्रदर्शन कर रहे किसान

#### बुधवार को अधिकारियों से होगी मीटिंग

किसानों और प्रशासन की सहमति के बाद किसानों को मुआवजा वितरित किया जाएगा। बुधवार को जैसे ही सरकारी दफ्तर खुलेंगे किसानों के प्रतिनिधि और अधिकारियों के बीच एक समन्वय मीटिंग होगी। इस मीटिंग में पावर ग्रिड के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे और मुआवजे की राशि पर अंतिम फैसला यहां पर किसानों की सहमति से लिया जाएगा। तब तक किसान अपने दस्तावेज तैयार रखें और कमेटी में अपने दस्तावेजों के साथ ही उपस्थित हो। एसडीएम के आश्वासन के बाद किसान फिलहाल मान गए हैं और उन्होंने धरना समाप्त कर दिया है। साथ ही किसानों का यह भी कहना है कि अगर किसानों के साथ ज्यादती की गई तो वह धरना कभी भी शुरू कर सकते हैं।

### तीनों आरोपितों का रिमांड समाप्त, खून से सने कपड़े बरामद

**गन्नौर।** राजपुर गांव में हिस्ट्रीशीटर शक्ति की हत्या के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपितों का पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। आरोपित बिजेंद्र व कृष्ण निवासी राजपुर जिला सोनीपत और संदीप निवासी पटेल नगर, गन्नौर के रहने वाले हैं। पुलिस ने रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गहन पूछताछ की और उनके पास से खून से सने कपड़े बरामद किए।

इससे पहले ही पुलिस हत्या में प्रयुक्त सरिया, लकड़ी का बिट्टा और जेली बरामद कर चुकी थी। एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि मामले में प्रापर्टी विवाद मुख्य कारण सामने आया है। शक्ति व बिजेंद्र के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते शक्ति आरओ प्लांट पर पहुंचा और दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई थी।

## बड़ी लाइन क्षतिग्रस्त, बाइपास पर लाइन डालने का काम शुरू

### ककरोई रोड पर सीवर लाइन बंद होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ककरोई रोड पर सिद्धार्थ गार्डन के पास सीवर की बड़ी लाइन क्षतिग्रस्त होकर बैठने के कारण कई कालोनियों में सीवरेज पानी की निकासी ठप्प हो गई है। नगर निगम ने सीवरेज पानी की निकासी सुचारु करने के लिए बाईपास लाइन डालने का काम शुरू कर दिया है।

- मेयर ने दिए जल्द काम पूरा करने के निर्देश

राजीव जैन ने बताया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जाने वाली 900 एमएम की लाइन धंस गई है जिसके कारण गढ़ी ब्राह्मणान, शास्त्री कॉलोनी, मयूर विहार समेत आधा दर्जन कालोनियों में सीवरेज का पानी लाइन में खड़ा रहने की गंभीर समस्या पैदा हो गई है।



सोनीपत। बाइपास लाइन का निरीक्षण करने पहुंचें मेयर राजीव जैन।

#### लोगों को मिलेगी गंदे पानी से राहत

शुक्रवार को लाइन धंसने की सूचना मिलने के बाद युद्ध स्तर पर बाईपास लाइन डालने का काम शुरू किया गया ताकि सीवरेज का पानी एक मैनहोल से उठाकर मोटर के जरिये दूसरे मैनहोल में डाला जा सके। उन्होंने बताया कि बाईपास लाइन डालने के बाद कॉलोनी वासियों को गंदे पानी से राहत मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने बताया कि जब से ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण हुआ है तब से लाइन ठीक ढंग से नहीं चल पा रही और इसी कारण 6 करोड़ की लागत से सीआई पाईपिंग भी करवाई गई परन्तु ज्यादा सफल नहीं हो पाई।

## द लॉग बाजार: 10 कॉलेजों ने लिया हिस्सा

### सेक्टर 12 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत सेक्टर-12 में जिला स्तरीय 'द लॉन्ग बाजार' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जिले के 10 महाविद्यालयों ने भाग लिया। प्रातः कालीन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेंद्र कुमार इनायत (पूर्व कुलपति, दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल) और सायं सत्र में मारुति सुजुकी के कार्यकारी अधिकारी सुरेंद्र लकड़ा रहे। इस मौके पर देवेंद्र सुर, अश्विनी शर्मा, डॉ. सुदेश चौधरी, डॉ. संदीप दहिया, डॉ. बिपाशा अग्रवाल, पवन ओहल्याण और प्राचार्य डॉ. नरेश शांति मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं में राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत ने पोस्टर मेकिंग व रंगोली में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें पवन ओहल्याण का स्वागत करते हुए।

#### कन्या महाविद्यालय रहा प्रथम

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में कन्या महाविद्यालय खरखोदा प्रथम रहा, जबकि प्रश्नोत्तरी में राजकीय महाविद्यालय जखौली ने बाजी मारी। निर्णायक मंडल में डॉ. विनोद कुमार (एमिटी विश्वविद्यालय), पॉलिटेक्निक कॉलेज पानीपत के वाइस प्रिंसिपल, पॉलिटेक्निक कॉलेज सोनीपत की प्राचार्या और अन्य प्रोफेसर शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. वंदना सैनी, प्रवीण कुमार, डॉ. सुभाष सिसोदिया, डॉ. राजेश ढाका, मीनाक्षी, पूनम, डॉ. नीलम सैनी, डॉ. रजवंती धनखड़, डॉ. मंजीत, डॉ. सविता, डॉ. राजेश भारद्वाज, डॉ. विक्रम मलिक, डॉ. सतीश मलिक और डॉ. दलजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को मिला सिर्फ 11 दिन का मौका

## महाविद्यालयों में दाखिला की होड़ फिर हुई शुरू

- स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों के लिए पोर्टल पुन: खोला गया, रिक्त सीटों को भरने के लिए अंतिम अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में दाखिला लेने की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने शनिवार से पोर्टल खोलकर इसे 30 सितंबर तक चालू रखने का ऐलान किया है। निदेशालय की इस पहल से वे छात्र भी आवेदन कर सकते हैं, जिन्हें पहले दाखिला लेने में परेशानी हुई या वे किसी कारणवश वंचित रह गए थे। अब इस शैक्षणिक सत्र में विभिन्न कालेज में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना नहीं करना होगा। बता दें कि 2025-2026 शैक्षिक सत्र में 19 मई से दाखिला प्रक्रिया शुरू हुई थी और यूजी प्रथम वर्ष के साथ-साथ पीजी प्रथम वर्ष के लिए पोर्टल खोला गया गया था। नौ जून को पोर्टल बंद कर दिया गया था। इसके बाद कई बार सीटों की कमी और खाली जगहों के कारण पोर्टल खुलता और बंद होता रहा।

- 40 प्रतिशत अब भी सीटे खाली, 60 प्रतिशत हुई दाखिले



#### सभी कोर्स के लिए खुला पोर्टल

पोर्टल सिर्फ यूजी प्रथम वर्ष के लिए ही नहीं, बल्कि यूजी द्वितीय और फाइनल वर्ष तथा पीजी प्रथम और फाइनल वर्ष के लिए भी ओपन है। इसके साथ ही कालेजों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को दाखिले में कोई कठिनाई न हो। छात्र सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, फीस जमा कर सकते हैं और अपनी सीट सुरक्षित कर सकते हैं।

#### 13 हजार सीटें, तकरीबन 60 प्रतिशत खाली

जिले के 23 राजकीय, निजी और एडिड महाविद्यालयों में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कुल 13,562 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें से लगभग 40 से 45 प्रतिशत अभी भी रिक्त हैं। निदेशालय ने महाविद्यालय प्रबंधकों की मांग और खाली सीटों को भरने के लिए छात्रों को यह अंतिम अवसर प्रदान किया है।

#### विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी

*इस अवसर से दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला न मिलने वाले विद्यार्थी जिले के कालेजों में दाखिला ले सकते हैं। विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कारगर कदम उठाए गए हैं।*

*-गौरव गर्ग, प्रवक्ता, हिंदू कालेज*

## अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से उठा सकते हैं ज्यादा फायदा

# म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में 3 बड़े अंतर, कहां करें निवेश

*अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं। सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं।*



**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

**निवेश में नए हैं तो रेगुलर प्लान लग सकता है काफी आसान सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में**

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के सामने अक्सर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि उन्हें डायरेक्ट प्लान चुनना चाहिए या फिर रेगुलर प्लान। दोनों ही रास्ते एक ही स्कीम तक पहुंचाते हैं, लेकिन इनके बीच कुछ ऐसे फर्क हैं जो आपके रिटर्न और इनवेस्टमेंट से जुड़े तजुर्बे को काफी हद तक प्रभावित कर सकते हैं। अगर आप निवेश में नए हैं तो शायद रेगुलर प्लान आपको आसान लगे, वहीं अनुभवी निवेशक डायरेक्ट प्लान से ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में तीन बड़े अंतर क्या हैं और इनके फायदे-नुकसान क्या हैं।

### खर्च और रिटर्न का फर्क

सबसे बड़ा और अहम फर्क दोनों स्कीमों के खर्च यानी एक्सपेंस रेशियो में होता है. डायरेक्ट म्यूचुअल फंड सीधे एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) से खरीदे जाते हैं। इनमें किसी बिचौलिये या ब्रोकरेज की जरूरत नहीं होती। यही वजह है कि डायरेक्ट प्लान का एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। आम तौर पर यह 0.5% से 1% के बीच ही होता है। दूसरी तरफ रेगुलर म्यूचुअल फंड में डिस्ट्रीब्यूटर या ब्रोकर की फीस भी जुड़ जाती है। इस वजह से इनका एक्सपेंस रेशियो 1% से 2.5% तक जा सकता है। यह अंतर भले ही सुनने में छोटा लगे, लेकिन लंबे समय में कंपाउंडिंग की वजह से यह आपके रिटर्न को काफी कम कर देता है। यही कारण है कि डायरेक्ट प्लान लंबे समय में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता रखते हैं, क्योंकि आपकी जेब से फीस और कमीशन पर कम पैसा कटता है।



### निवेश करने और उसे मैनेज करने का तरीका

डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड में अगला बड़ा फर्क इनमें निवेश करने और मैनेज करने के तरीके का फर्क है। डायरेक्ट प्लान आपको एएमसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या कुछ ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म पर ही मिलते हैं. यहां निवेशक को इनवेस्टमेंट से जुड़े सारे ट्रांजैक्शन खुद ही संभालने पड़ते हैं।

### रेगुलर प्लान में ये

रेगुलर प्लान में इन बातों की जिम्मेदारी काफी हद तक ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर संभालते हैं। वे न सिर्फ निवेश की प्रक्रिया से जुड़े पेपरवर्क और प्रोसेस को पूरा करना आसान बनाते हैं। इसलिए यह तरीका उन निवेशकों के लिए सुविधाजनक रहता है, जो नए हैं या इन चीजों के लिए समय नहीं निकाल पाते। हालांकि इस सुविधा के बदले आपको ज्यादा फीस चुकानी पड़ती है।

### सलाहकार की भूमिका

तीसरा बड़ा अंतर इस बात से जुड़ा है कि आपको निवेश में कितनी सलाह और मदद चाहिए। अगर आप निवेश की दुनिया में नए हैं और म्यूचुअल फंड चुनने में कंफ्यूज हो जाते हैं, तो रेगुलर प्लान आपके लिए बेहतर हो सकता है। यहां आपको ब्रोकर या फाइनेंशियल एडवाइजर की सलाह मिलती है, जो आपकी जरूरत और रिस्क प्रोफाइल के हिसाब से स्कीम चुनने में मदद कर सकते हैं।

### ऐसे समझना जरूरी

यह समझना जरूरी है कि डायरेक्ट और रेगुलर म्यूचुअल फंड एक ही स्कीम में निवेश करते हैं, फर्क सिर्फ इनके खर्च, मैनेजमेंट और निवेश से जुड़ी सुविधा में है। डायरेक्ट प्लान उन निवेशकों के लिए सही हैं जो कम लागत में बेहतर रिटर्न चाहते हैं और निवेश से जुड़ी प्रॉसेस को खुद संभाल सकते हैं। वहीं रेगुलर प्लान उन लोगों के लिए बेहतर हैं जिन्हें निवेश की प्रक्रिया को आसान रखना है और प्रोफेशनल सपोर्ट की जरूरत महसूस होती है।

### म्यूचुअल फंड के डायरेक्ट और रेगुलर प्लान में अंतर

म्यूचुअल फंड डायरेक्ट

- **एक्सपेंस रेशियो** : कम, क्योंकि इसमें ब्रोकर/डिस्ट्रीब्यूटर का कमीशन नहीं जुड़ता।
- **रिटर्न** : लंबे समय में ज्यादा रिटर्न, खर्च कम होने के कारण
- **निवेश का तरीका** : सीधे एएमसी की वेबसाइट, ऐप या ऑथराइज्ड प्लेटफॉर्म से
- **निवेश का मैनेजमेंट** : निवेशक को खुद रिसर्च और मैनेजमेंट करना होता है
- **किसके लिए बेहतर** : अनुभवी निवेशकों के लिए

**प्लान म्यूचुअल फंड रेगुलर प्लान**

- **एक्सपेंस रेशियो** : ज्यादा, क्योंकि इसमें कमीशन शामिल होता है
- रिटर्न थोड़ा कम, क्योंकि फीस और कमीशन कटता है
- **निवेश का तरीका** : ब्रोकर या डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए



# 500 रुपये के निवेश से भी बना सकते हैं लाखों रुपये का फंड

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

अगर आप भी निवेश कर रहे हैं या करना चाहते हैं तो निवेश की जल्द शुरूआत करें। आप कम पैसे से भी अच्छा खासा पैसा जोड़ सकते हैं। निवेश की सधे कदमों से शुरूआत करें, लक्ष्य तय करें और निवेश को बढ़ाते जाएं। इससे आप कुछ ही समय में अमीर बन जाएंगे और भविष्य में पैसे के लिए किसी का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा। इन दिनों निवेश के कई ऑप्शन बाजार में मौजूद हैं। लेकिन आप कम पैसे से निवेश की शुरूआत करने जा रहे हैं तो आपके लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यहां आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा निवेश कर काफी अच्छा फंड जोड़ सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि 500 रुपये निवेश करके आप कितना फंड जोड़ सकते हैं और किस तरह से अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं।

### यह जानना जरूरी

हर व्यक्ति को अपनी मंथली सैलरी का कुछ हिस्सा बचाकर निवेश जरूर करना चाहिए। आपकी सैलरी चाहे कम हो या ज्यादा निवेश करना बहुत ही जरूरी होता है। आजकल लोग निवेश करने के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी को काफी पसंद कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी की खास बात यह है कि यहां आप हर महीने थोड़ा थोड़ा निवेश कर काफी अच्छी फंड इकट्ठा कर सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी के बारे में निवेश से पहले जान लिया जाना चाहिए। इससे आपको परेशानी नहीं होगी।




### म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश

म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यहां आपको हर महीने एक निश्चित रकम निवेश करनी होती है। खास बात यह है कि म्यूचुअल फंड एसआईपी में आप मात्र 250 रुपये से अपना निवेश शुरू कर सकते हैं और लंबे समय तक निवेश कर आप काफी अच्छा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। आपके पास पैस बढ़ तो आप एसआईपी में निवेश बढ़ा भी सकते हैं। रिटर्न की बात करें तो म्यूचुअल फंड एसआईपी में औसतन 12 से 16 प्रतिशत की दर से रिटर्न मिलता है। हालांकि मार्केट के हिसाब से यह रिटर्न घट या बढ़ भी सकता है।

### 500 रु. की एसआईपी में रिटर्न

अगर आप हर महीने 500 रुपये म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करते हैं और आप ऐसा 25 सालों तक करते हैं, तो आप 25 साल में कुल 1.50 लाख रुपये निवेश करेंगे। 12 प्रतिशत के हिसाब से आपको कुल 8.51 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें केवल 7.01 लाख रुपये आपके मुनाफे के होंगे। अगर आपके 15 प्रतिशत के हिसाब से रिटर्न मिलता है, तो आपको 25 साल बाद कुल 13.78 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें 12.28 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

### टॉप-अप एसआईपी में रिटर्न

नॉर्मल एसआईपी के अलावा आप टॉप-अप एसआईपी के जरिए भी निवेश कर सकते हैं. यहां आपको हर साल अपने निवेश के 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाना होता है। ऐसे में अगर आप टॉप-अप एसआईपी में 500 रुपये से अपना निवेश शुरू करते हैं और 25 सालों तक निवेश जारी रखते हैं, तो आप कुल 5.90 लाख रुपये निवेश करेंगे, जिसके बाद आपको कुल 19.67 लाख रुपये मिलेंगे, जिसमें केवल 13.77 लाख रुपये आपको मुनाफे के होंगे।

# सुरक्षित तरीके से बनाएं लाखों का फंड, एफडी में जरूर करें निवेश

**एफडी में पैसे लगाना निवेश का सबसे आसान तरीका, एफडी में निवेश कर आप काफी अच्छा रिटर्न पा सकते**

**रिटायरमेंट तक लाखों का फंड भी जोड़ सकते हैं**

**जानकारी** | **बिजनेस डेस्क**

*एफडी में पैसों को निवेश करने पर पैसों के खो जाने का कोई डर नहीं होता है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के लिए एफडी बेस्ट ऑप्शन है। इसमें कोई भी निवेश कर सकता है और अपने लिए फंड जोड़ सकता है।*

फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी के बारे में तो आप जानते ही होंगे। एफडी हमेशा से ही पैसों को निवेश करने के लिए लोगों के बीच लोकप्रिय है और सुरक्षित तरीका होता है। फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी में निवेशकों को एक निश्चित अवधि के लिए अपना पैसा निवेश करना होता है। इस अवधि के दौरान निवेशकों को एक फिक्स्ड ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। ऐसे में अगर आप भी अपने पैसों को निवेश करना चाहते हैं, तो आपको एफडी में अपने पैसों को जरूर निवेश करना चाहिए एफडी में लंबे समय तक निवेश करके आप लाखों रुपये का मुनाफा कमा सकते हैं। एफडी में भले की ब्याज कुछ मिलता है लेकिन पैसों का कोई खतरा नहीं होता। आप थोड़ा थोड़ा करके आसानी से अच्छा पैसा जोड़ सकते हैं जो बुढ़ापे में या आपके बच्चों की पढ़ाई में या फिर उनकी शादी के समय में आपके काफी काम आ सकता है। अगर आपने अभी तक किसी भी एफडी में अपने पैसों का निवेश नहीं किया है, तो आज हम आपको एफडी में निवेश करने के कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं, जिन्हें जानकर आप एफडी में निवेश जरूर करेंगे।

### एफडी में निश्चित रिटर्न

एफडी में मिलने वाला रिटर्न पहले से ही फिक्स्ड होता है। ऐसे में आप मिलने वाले रिटर्न के हिसाब से अपनी आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। एफडी का रिटर्न निवेश करने के बाद कम या ज्यादा नहीं होता है और आपके पैसे के खोने का डर भी नहीं लगता। इसे समय से पहले भी जरूरत पड़ने पर भुनाया जा सकता है।




### एफडी में अच्छा रिटर्न

एफडी में सुरक्षित और निश्चित रिटर्न के साथ साथ अच्छा रिटर्न भी मिलता है। कई बैंक अपनी एफडी पर काफी अच्छा रिटर्न देते हैं। इसके अलावा एनबीएफसी की एफडी में आप 9 प्रतिशत की दर से भी रिटर्न पा सकते हैं। इतना ही नहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में अधिक ब्याज का लाभ मिलता है। आप अपने माता-पिता के नाम पर भी एफडी करवा सकते हैं और अधिक रिटर्न पा सकते हैं।

### छोटी से लेकर लंबी अवधि

एफडी में आप छोटी से लेकर लंबी अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। इसमें आप 7 दिन से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं। खास बात यह कि एफडी का समय पूरा होते ही पैसा अपने आप आपके खाते में आ जाता है। कई बैंक और फाइनेंशियल कंपनियां एफडी पर लोन की सुविधा भी देती हैं। ऐसे में निवेशक मुश्किल समय में पैसों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### एफडी में टैक्स छूट

एफडी में निवेश करके टैक्स छूट का लाभ ले सकते हैं। यह छूट इनकम टैक्स के सेक्शन 80सी के तहत मिलती है, जिसके तहत आप 5 साल की टैक्स सेविंग एफडी में निवेश कर 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट पास सकते हैं।

### स्मॉल फाइनेंस बैंकों में एफडी दरें

- सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.50% तक ब्याज देता है, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.00% और 5 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- जना स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 7.25% से 8.00%, जबकि 3 साल की एफडी पर 8.20% तक ब्याज मिलता है।
- उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक : 1 साल की एफडी पर 6.00% से 8.50% तक ब्याज देता है, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 9.10% तक ब्याज मिलता है।

### प्राइवेट बैंकों में एफडी दरें

- आरबीएल बैंक: 1 साल की एफडी पर 7.00% से 7.20% तक ब्याज देता है।
- यस बैंक: 1 साल में 6.75% से 7.00% ब्याज
- इंडसइंड बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.75% से 7.00% तक ब्याज देता है।
- आईसीआईसीआई बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.50% तक ब्याज देता है।

### सरकारी बैंकों में एफडी दरें

- बैंक ऑफ बड़ौदा: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- पंजाब नेशनल बैंक: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया: 1 साल की एफडी पर 6.60% तक ब्याज देता है।
- एसबीआई : 1 साल की एफडी पर 6.45% तक ब्याज देता है।



# हाइएस्ट एसेट वाले 5 लार्जकैप फंड्स ने 25% तक दिया सालाना रिटर्न

बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए लार्ज कैप फंड्स को स्मॉल कैप या मिड कैप की तुलना में ज्यादा सुरक्षित और भरोसेमंद ऑप्शन माना जाता हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लार्ज कैप फंड देश की टॉप और मजबूत कंपनियों में निवेश करते हैं, जिसकी वजह से लंबे समय में इनका रिस्क थोड़ा कम रहता है और स्टेबल रिटर्न मिलने की उम्मीद भी रहती है। एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के लिहाज से इस वक्त देश के टॉप 5 लार्ज कैप फंड्स में एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआई प्रू, निप्पॉन इंडिया और मिरे एसेट की स्कीम्स शामिल हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के 12 सितंबर 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक इन फंड्स ने पिछले 5 सालों में 18% से 25% तक एनुअल रिटर्न दिया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज कैप फंड इस समय सबसे ज्यादा एसेट वाला लार्ज कैप फंड है। इसका एयूएम करीब 73,731 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड ने डायरेक्ट प्लान से 22.32% और रेगुलर प्लान से 21.60% का सालाना रिटर्न दिया है. खर्च के मामले में इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.86% और रेगुलर प्लान में 1.42% है। लगातार मजबूत परफॉर्मेंस ने इसे निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना दिया है।

### एसबीआई लार्ज कैप फंड

एसबीआई लार्ज कैप फंड का एयूएम 53,887 करोड़ रुपये है. इस फंड ने पिछले 5 सालों में डायरेक्ट प्लान से 19.93% और रेगुलर प्लान से 19.07% सालाना रिटर्न दिया है. इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.81% और रेगुलर प्लान में 1.49% है।

### निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड

निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड का एयूएम 46,628 करोड़ रुपये है. पिछले परफॉर्मेंस के मामले में यह सबसे आगे रहा है. पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 25.55% और रेगुलर प्लान ने 24.50% की दर से सालाना रिटर्न दिया है। एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.69% और रेगुलर प्लान में 1.51% है। हाई रिटर्न की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर बना हुआ है।

### मिरे एसेट लार्ज कैप फंड

मिरे एसेट लार्ज कैप फंड का एयूएम 40,510 करोड़ रुपये है। इस फंड का 5 साल का सालाना रिटर्न डायरेक्ट प्लान में 18.06% और रेगुलर प्लान में 16.87% रहा है। खर्च की बात करें तो इसका एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.55% और रेगुलर प्लान में 1.52% है. डायरेक्ट प्लान का लो एक्सपेंस रेशियो इसकी खास बात है।

### एचडीएफसी लार्ज कैप फंड

एचडीएफसी लार्ज कैप फंड का एयूएम 38,689 करोड़ रुपये है। पिछले 5 साल में इस फंड के डायरेक्ट प्लान ने 21.87% और रेगुलर प्लान ने 21.15% के हिसाब से सालाना रिटर्न दिया है। इस फंड का एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान में 0.99% और रेगुलर प्लान में 1.60% है। मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और भरोसेमंद ब्रांड वैल्यू की वजह से यह फंड निवेशकों के बीच लोकप्रिय बना हुआ है।

# दिवाली पर सोना चमका सकता है किस्मत, कर सकते हैं निवेश

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

इस दिवाली पर आप भी अपनी किस्मत चमका सकते हैं, लेकिन आपको अपना लक्ष्य लेकर चलना होगा। पहले यह देखें कि निवेश के लिए क्या सही है। हालांकि वर्ष 2010 से अब तक देखा जाए तो सोने ने सबसे अधिक रिटर्न दिया है। 2010 से दिवाली-दर-दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से कहीं आगे रहा है। इस अवधि में किया गया 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदल गया। वहीं, इस अवधि में निफ्टी 50 का रिटर्न 3.72 लाख रुपये रहा है। पिछले वर्ष के दौरान सोने के बेहतर प्रदर्शन ने सभी निवेशकों को आश्चर्यचकित कर दिया है, जबकि दलाल स्ट्रीट के कमजोर प्रदर्शन ने निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर कर दिया है और इक्विटी मार्केट के शॉर्ट आउटलुक को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, त्यौहारी सीजन के करीब आने के साथ ही मनीकंट्रोल ने 2010 से हर दिवाली पर सोने और इक्विटी के रिटर्न का विश्लेषण किया है।

**2010 से दिवाली दर दिवाली रिटर्न के मामले में सोना, निफ्टी से आगे रहा**

## 2010 से अब तक 10,000 रुपये प्रति वर्ष का निवेश 4.47 लाख रुपये में बदला

**विश्लेषण में यह खुलासा**

इस विश्लेषण से पता चलता है कि इक्विटी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार तेजी देखने को मिली। वहीं, सोने में काफी वोलैटिलिटी देखने को मिली है। इस अवधि में गोल्ड में लंबे समय तक सुस्त प्रदर्शन देखने को मिला है फिर इसकी कीमतों में तेज उछाल भी देखने को मिला है। यदि किसी निवेशक ने 2010 से प्रत्येक दिवाली पर निफ्टी 50 के साथ-साथ सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया होता, तो आज इसके बिल्कुल अलग-अलग होते।

### सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर

अगर 2010 से हर दिवाली पर सोने में 10,000 रुपये का निवेश किया गया होता तो शेयरों की तुलना में बेहतर रिटर्न देखने को मिलता। सोने में इस सिस्टेमेटिक सालाना निवेश से 1.5 लाख रुपये का निवेश इस अवधि में 4.47 लाख रुपये में बदल जाता। वहीं, इक्विटी में किया गया 10,000 रुपये का सालाना निवेश आज की तारीख में 3.72 लाख रुपये ही हुआ होता। इसका मतलब यह है कि 2010 से हर साल 10,000 रुपये का निवेश करने से सोने का प्रदर्शन निफ्टी से बेहतर होता, जो निवेश में 4.5 गुना की बढ़त करता, जबकि निफ्टी में 15 सालों में 3.7 गुना की ही बढ़ोतरी हासिल करता। हालांकि, अगर किसी निवेशक ने पिछले 15 सालों के बाद अपनी निवेश यात्रा शुरू की है और पिछले 5 सालों में हर दिवाली पर सोने और शेयरों में पूंजी लगाने का फैसला किया है, तो भी सोने का रिटर्न शेयरों से बेहतर रहा होता।

### सोने की सालाना ग्रोथ 15.1% रही

पिछले 5 सालों में दिवाली-दर-दिवाली सोने की कमतों में सालाना (सीएजीआर) 16.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ रेट 13.8 प्रतिशत रही है। अगर पिछले दस सालों के दोनों के अंतर को देखें,तो यह अंतर कम हो जाता है। इस अवधि में सोने की सालाना ग्रोथ 15.1 प्रतिशत रही है, जबकि निफ्टी 50 की सालाना ग्रोथ 12.3 प्रतिशत रही है। अगर किसी दूसरे साल भी दिवाली पर निफ्टी और गोल्ड में 10-10 हजार रुपए का निवेश किया गया होता तो नतीजे अलग-अलग होते और सोने का प्रदर्शन ज्यादा बेहतर होता। अगर, 2010 में ये निवेश किया गया होता तो शेयरों किया गया ये निवेश 39,180 रुपये हो गया होता। जबकि आज सोने में की गई निवेश की कीमत 54,200 रुपये हो गई होती।

### ऐसे समझें रिटर्न का गणित

2015 में निफ्टी किए गए इतने निवेश का भाव इस समय 31,630 रुपये हो गया होता। जबकि सोने में किया गया ये निवेश 41,340 रुपये हो गया होता। अगर यही निवेश 2020 में हुआ होता तो दोनों असेट्स में अच्छा रिटर्न मिला होता। इस अवधि में निफ्टी में किया गया निवेश 19,370 रुपये होता। जबकि, सोने में किया गया निवेश थोड़ा बेहतर 20,980 रुपये पर रहा होता।

### मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा

- सोना अक्सर मुद्रास्फीति के खिलाफ एक अच्छा हेज माना जाता है। जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, तो सोने की कीमतें भी बढ़ सकती हैं।
- विविधीकरणसोना एक विविध निवेश विकल्प है जो आपके पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर सकता है। इससे जोखिम कम हो सकता है और रिटर्न बढ़ सकता है।
- आर्थिक अनिश्चितता के समय सुरक्षासोना अक्सर आर्थिक अनिश्चितता के समय एक सुरक्षित निवेश विकल्प माना जाता है। जब बाजार अस्थिर होते हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- लंबी अवधि के लिए निवेशसोना एक लंबी अवधि के लिए निवेश विकल्प हो सकता है। सोने की कीमतें लंबी अवधि में बढ़ सकती हैं, जिससे आपको अच्छा रिटर्न मिल सकता है।
- भौतिक संपत्तिसोना एक भौतिक संपत्ति है जिसे आप अपने पास रख सकते हैं। इससे आपको एक सुरक्षित और ठोस निवेश विकल्प मिलता है।
- वैश्विक मांगसोने की वैश्विक मांग हमेशा बनी रहती है, जिससे इसकी कीमतें स्थिर रहती हैं।
- निवेश के विभिन्न विकल्पसोने में निवेश करने के विभिन्न विकल्प हैं, जैसे कि भौतिक सोना, सोने के बॉन्ड, सोने के म्यूचुअल फंड, और सोने के ईटीएफ ।

## खबर संक्षेप

### सुपरवाइजर व बीएलओ को बैठक में दिए निर्देश

**गोहाना।** गोहाना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को गोहाना विधानसभा के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने सरल केन्द्र गोहाना में सभी सुपरवाइजर व बीएलओ की बैठक ली। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में विषय बारे आवश्यक दिशानिर्देश दिए। निर्वाचन पंजीयन अधिकारी ने सुपरवाइजरों व बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने वार्ड से संबंधित वर्ष 2002 की मतदाता सूची को वर्ष 2024 की मतदाता सूची से मिलान करें।

### प्रतिभागियों ने किए अपने विचार साझा

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा लेक्स फाउंडेशन, नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय यूथ लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि लेक्स फाउंडेशन के अध्यक्ष अनीश सिंह और विशिष्ट अतिथि सह-समन्वयक अब्दुल शाकूर देवा रहे। कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र एवं तकनीकी सत्र के आयोजन में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. श्वेता हुड्डा, एसोसिएट डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. जगदीप सिंगल, डॉ. दिनेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते चार पदक

**खरखौदा।** फतेहाबाद में आयोजित स्टेट स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते चार पदक जीतकर विद्यालय, सोनीपत जिले और हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया। अंडर-19 वर्ग में विद्यालय के खिलाड़ी कुनाल कटारिया (-78 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### नेशनल कुराश चैंपियनशिप में विश्वजीत ने जीता गोल्ड

**खरखौदा ।** रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित नेशनल सब जूनियर कुराश चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते 2 पदक जीते। विद्यालय के विश्वजीत मलिक (55 किग्रा) ने स्वर्ण पदक तथा खुशाल राठी (50 किग्रा) ने कांस्य पदक अपने नाम कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय लौटने पर विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया।

### आईएमटी खरखौदा में किया गया पौधारोपण

**खरखौदा।** नमो वन अभियान के अंतर्गत आईएमटी क्षेत्र में पौधा रोपण किया गया। विधायक पवन खरखौदा, उप वन संरक्षक रेणुबाला, अतिरिक्त डीएफओ सुरेश पुनिया, रेंज अधिकारी पवन मलिक ने इस दौरान सक्रिय भूमिका निभाई। अब एक हजार पौधे रोपे जाने से कुल पौधारोपण का आंकड़ा बढ़कर 21 हजार हो गया है। यूनो मिंडा से संबद्ध विनय दहिया व संयंत्र प्रमुख सुरेंद्र सिंह ने कहा कि वे वन विभाग का धन्यवाद व्यक्त किया। ईएचएस हेड महेंद्र प्रताप ने सुरेंद्र सिंह के विचारों से सहमति जताई।

### एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन

**सोनीपत।** हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा शनिवार को 'पर्यावरण बचाओ एवं एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को सफल बनाने हेतु छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### महर्षि दयानंद द्वारा बताए संस्कारों की व्याख्या की

सोनीपत। आर्य समाज सेक्टर 14 सोनीपत में 39वें वार्षिकोत्सव का छठा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान रविन्द्र आर्य ने की और यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य संदीप दर्शनाचार्य रहे। धर्म की परिभाषा बताते महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा बताए सोलह संस्कारों की व्याख्या की व कहा कि संस्कार शुद्धिकरण से जीवन निर्माण का आधार हैं।

---

### छोटू राम आर्य कॉलेज में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

# संयम में रहकर अनुशासन का पालन करें छात्रः राविश

## सांस्कृतिक फ्रेशर पार्टी की छटा, विद्यार्थियों ने विविध कलाओं से बांधा समां

**नए विद्यार्थियों को सुनहरे जीवन के लिए शुभकामनाएं दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

छोटू राम आर्य कॉलेज, सोनीपत में राजनीतिक विज्ञान विभाग में स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र व स्नातक राजनीतिक शास्त्र (आनर्स) द्वारा नये दाखिला प्राप्त विद्यार्थियों का स्वागत करने के लिए उनके सीनियर्स ने फ्रेशर पार्टी का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेएस फ़ोर व प्रोफेसर डॉ. ऊषा दहिया ने दीप प्रज्वलित करके पार्टी को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया व डॉ. सतपाल राविश ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते कहा कि वह संयम में रहकर अनुशासन का पालन करें। इस अवसर पर टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने नए प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों को सुनहरे जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। विजेता विद्यार्थियों का चयन करने के लिए अलग-अलग स्तर के चार राउंड बनाए गए। जिसमें बी.ए. ऑनर्स से मिस्टर फ्रेशर चंचल व मिस फ्रेशर तानिया, मिस्टर पर्सनालिटी नवीन व मिस पर्सनालिटी वर्षा, मिस्टर टैलेंटेड सुमित व मिस टैलेंटेड रितु रहे। वहीं एमए राजनीतिक विज्ञान से मिस फ्रेशर नीलम, मिस पर्सनालिटी लीना व मिस टैलेंटेड श्रुति रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. उर्मिल हुड्डा, डॉ. मुकेश कुमारी व डॉ. कविता अहलावत ने निभाई।



सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। लिटल एंजल्स स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### कला का प्रदर्शन किया

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल में शनिवार को 'एंजल्स फिएस्टा-वेयर एवरी एफर्ट टैल्स ए स्टोरी' थीम पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक्ट प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, लिटल एंजल्स इन्क्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा, मुख्याअध्यापिका भारती दत्ता सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया, जबकि मुख्याअध्यापिका भारती दत्ता ने एक्ट की थीम से अवगत करवाया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में मैत्री संबंधों को निखारना और उनकी छिपी प्रतिभा को सामने लाना था। बच्चों ने वाद्य संगीत, ड्रामा, डांस, पेंटिंग व आर्ट के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया।

---

# चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से संपन्न

- माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की झांकी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में नवरात्रि का उत्सव बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की झांकी प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग-बिरंगे परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यालय के निदेशक अजय यादव ने बच्चों को नवरात्रि के महत्व के बारे में बताया और कहा कि ऐसे त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं से हमें जोड़े रखते हैं। प्रधानाचार्य अरुण गौतम ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं। सभी ने माता रानी के जयकारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



गन्नौर। कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र प्रधानाचार्य अरूण गौत्तम व शिक्षकों के साथ।



सोनीपत। पुस्तकों का वितरण करते जिप अध्यक्ष साथ में अन्य। फोटो :हरिभूमि

### मोदी के जीवन पर आधारित 75 पुस्तकें बांटी

**सोनीपत।** सेवा पखवाड़े कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत में शनिवार को निबंध प्रतियोगिता, पुस्तक वितरण, कैरियर काउंसलिंग, सफाई अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद की अध्यक्ष मोनिका दहिया ने दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। निबंध प्रतियोगिता में लगभग 198 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 75 निबंध माई भारत पोर्टल पर अपलोड किए गए। इस अवसर पर मुख्यातिथि मोनिका दहिया एवं संस्थान के प्रिंसिपल विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित 75 पुस्तकों का वितरण किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। अनुदेशिका सुनीता देवी ने छात्रों को तकनीकी कौशल एवं डिजिटल स्किल्स के महत्व की जानकारी देते उन्हें नई-नई तकनीकों को अपनाकर रोजगार के अवसर सृजित करने हेतु प्रेरित किया।

### समाज के विकास के लिए बेटियों को समान अधिकार दें

**गोहाना।** आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता के नेतृत्व में शनिवार को जत्था गोहाना पहुंचा और जींद रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया। सुनीता ने कहा कि जब तक बेटियों को समान अधिकार, शिक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं है। इसके लिए लोगों को बेटियों और महिलाओं के प्रति सोच बदलनी होगी। जिले में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं अधिकारी कार्यरत हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि समाज में समानता स्थापित करने और अन्याय समाप्त करने के लिए ऐसे जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक हैं। जत्थे में शामिल यूनियन की राज्य उपाध्यक्ष प्रवेश, राज्य सचिव मीरा, सीटू की अध्यक्ष अनीता ने भी विचार व्यक्त किए।

---

### बाढ़ पीड़ितों की सहायता को बढ़ाया हाथ

**खरखौदा।** गुरुकुल परिवार में सदैव से ही सामाजिक और प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त लोगों की सहायता करने की परंपरा रही है। जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद करना और विद्यार्थियों के मन में सहयोग की भावना का विकास करना है। गुरुकुल के विद्यार्थी और अध्यापक सदैव से ही इस क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं समय-समय पर वृद्धाश्रम, गौशाला तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए गुरुकुल मटिंडू ने अपने सामर्थ्य अनुसार सहयोग देकर सहायता की है। केरल, बिहार, जम्मू कश्मीर आदि के बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद के लिए न केवल सहयोग किया है, बल्कि दान राशि देकर उनकी मुश्किलों को कम करने का प्रयास किया है। वर्तमान में पंजाब बाढ़ जैसी प्राकृतिक समस्या से जूझ रहा है। पड़ोसी राज्य होने के नाते हरियाणा निवासियों का यह कर्तव्य है कि हम उनकी हर संभव मदद करें। इस सराहनीय प्रयास को आगे बढ़ाते हुए गुरुकुल परिवार के विद्यार्थियों, अध्यापकों और मैनेजमेंट के सदस्यों ने 41000 रूपए की दान राशि देकर सहायता करने का प्रयास किया है।



खरखौदा। दान परंपरा को कायम रखते गुरुकुल मटिंडू के विद्यार्थी।



नवनियुक्त पदाधिकारी मिठाई खिलाकर एसो सदस्यों व पदाधिकारियों का स्वागत करते।

### विमल किशोर निर्विरोध चुने प्रधान

**सोनीपत।** गुरुद्वारा रोड मार्केट एसोसिएशन के चुनाव में व्यापारी एसोसिएशन के संयोजक एवं पिछले 22 वर्षों से मार्केट के प्रधान रहे विमल किशोर को एक बार फिर निर्विरोध प्रधान चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत शुक्रवार सुबह 10:30 बजे तक नामांकन दाखिल करने और शाम 5:00 बजे तक नामांकन वापस लेने का समय निर्धारित था। प्रारंभ में तीन उम्मीदवार विमल किशोर, कृष्ण धवन और जितेंद्र शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। शाम तक कृष्ण धवन और जितेंद्र शर्मा ने अपने नामांकन विमल किशोर के समर्थन में वापस ले लिए, जिसके बाद उन्हें निर्विरोध प्रधान घोषित कर दिया गया।। प्रधान चुने जाने के बाद विमल किशोर ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया और सहमति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें संदीप गिरधर को महासचिव, संदीप मल्होत्रा को सचिव, कृष्ण धवन व महिपाल को संरक्षक, जितेंद्र शर्मा को उप प्रधान, महेंद्र अरोड़ा को सहसचिव, विनय सेतिया को कैशियर और संजय मक्कड़ को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया।

### गोवर्धन लीला का किया उल्लेख

**सोनीपत।** शिव मंदिर (शिव वाटिका) नंदवानी नगर सोनीपत में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ अमृत प्रवाह के छठे दिन कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति से हुआ। प्रधान सीताराम भारद्वाज ने बताया कि देवभूमि हिमाचल से आए कथावाचक पंडित विनय शर्मा ने कथा के दौरान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, गोवर्धन लीला और रासलीला की झलकियां प्रस्तुत की गईं। पंडित विनय शर्मा ने प्रवचन में कहा कि माता-पिता, गुरु और संतों की सेवा व आशीर्वाद से आयु, सुख और समृद्धि बढ़ती है। कथा में भक्तिमय संगीत ने वातावरण को और अधिक भक्ति रस में डुबो दिया। अंत में कृष्ण को 56 भोग अर्पित किए गए भारद्वाज ने बताया कि 21 सितम्बर को कथा का समापन होगा, जिसमें सुबह 8 बजे पूजा, 9.30 बजे हवन, 10.30 से दोपहर 1 बजे तक कथा और तत्पश्चात भंडारे का आयोजन होगा।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि



ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी विद्यालय स्टाफ।

### जेंडर सेंसिटिविटी पर किया जागरूक

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में शनिवार को "जेंडर सेंसिटिविटी" विषय पर एक सार्थक, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। हेडमिस्ट्रेस स्वाति बालियान और मनीषा खापरा द्वारा आयोजित कार्यशाला प्रभावशाली रही। इसने खुली चर्चाओं को बढ़ावा दिया और मुख्य जेंडर इश्यूज, जैसे ट्रांस मुद्दे वास्तव में क्या हैं, समाजीकरण के स्रोत, एक जेंडर सेंसिटिव स्कूल, विभिन्न प्रकार की शक्तियां और जेंडर बेस्ड हिंसा के विभिन्न रूप के बारे में जागरूकता बढ़ाई। कार्यशाला में सम्मानजनक संचार के महत्व पर जोर दिया गया और उपस्थित लोगों को अपने समुदायों में बदलाव के पैरोकार बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

---



खरखौदा। पारम्परिक वेशभूषा में आशीष व पारुल दहिया। फोटो :हरिभूमि

### आशीष-पारुल को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

**खरखौदा।** जनसेवा, रक्तदान और सामाजिक जागरूकता को समर्पित समाजसेवी आशीष दहिया और पारुल दहिया को निफा- राष्ट्रीय कलाकारों व कार्यकताओं के एकीकृत मंच के रजत जयंती समारोह में राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा जाएगा। उक्त आयोजन 21 से 24 सितंबर तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में संपन्न होगा। कार्यक्रम में मॉरिशस के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगे। दिल्ली के बाद करनाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कुरुक्षेत्र भ्रमण भी होगा। निफा संस्थापक प्रीतपाल सिंह पन्नू का कहना है कि यह आयोजन परिवर्तनशील युवाओं को राष्ट्रीय मंच देने का प्रयास है। आशीष दहिया अब तक 166 बार रक्तदान कर चुके हैं और आर्यावर्त ब्लड कमांडो नेटवर्क से हजारों लोगों को जोड़ चुके हैं। वहीं, पारुल दहिया 18 बार रक्तदान कर चुकी हैं ।

# संस्कृत श्लोकोच्चारण में साक्षी अव्वल व दीपिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

- टीकाराम कन्या महाविद्यालय में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में शनिवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका शीतल और सहसंयोजिका डॉ. मोनिका रहीं। महाविद्यालय परिसर में चार स्टेज बनाए गए, जिन पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। प्रथम स्टेज पर डॉ. उपासना ने मंच संचालन किया। डांस प्रतियोगिता में कोमल (बीसीए) प्रथम, मुस्कान (बीए तृतीय वर्ष) व आंचल (बीपीएड) द्वितीय रहीं। सिंगिंग में निशिता (बीए तृतीय वर्ष) प्रथम और मुस्कान (एमए साइकोलॉजी) द्वितीय रहीं। निर्णायक मंडल में रीना व सीमा थीं। दूसरे स्टेज पर साहित्यिक कार्यक्रम हुए। निर्णायक मंडल में डॉ. हेमलता, डॉ. आशा राठी, डॉ. नेहा, डॉ. मनीषा व नवीन शामिल थीं। हिंदी कविता में पायल प्रथम, आंचल द्वितीय, अंग्रेजी कविता में ईशिता शर्मा प्रथम, आंचल द्वितीय, हरियाणवी कविता में आंचल प्रथम, आरजू द्वितीय, उर्दू कविता में निशिता प्रथम, पंजाबी कविता में तनीषा प्रथम रहीं। भाषण में स्नेह व जितेश प्रथम रहे।

### रंगोली में तनीषा प्रथम व मुस्कान द्वितीय

संस्कृत श्लोकोच्चारण में साक्षी प्रथम व दीपिका द्वितीय स्थान पर रहीं। तीसरे स्टेज पर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में रिचा प्रथम व पद्मिनी द्वितीय, कोलाज मेकिंग में प्रिया प्रथम व पायल द्वितीय रहीं। चौथे स्टेज पर रंगोली में तनीषा प्रथम व मुस्कान द्वितीय स्थान पर रहीं। अंत में कॉलेज प्राचार्या गीता ने विजेता छात्राओं को सम्मानित कर बधाई दी।



सोनीपत। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देते शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

### विजेताओं को किया सम्मानित

**गोहाना।** शहर के गुढ़ा मार्ग पर स्थित जेएलएन विद्यालय की किड्स विंग में शनिवार को अंग्रेजी भाषा में वस्तु-विवरण विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने किया। संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाषा शैली की कुशलता का परिचय दिया और वस्तुओं के लाभ-हानि एवं उपयोग के बारे में अपने विचार प्रकट किए। कक्षा पहली से जानवी, यशवी और यशिमत, कक्षा दूसरी से नव्या, विधि, मानवी, गुंजन और तमन्ना, कक्षा तीसरी से नीतिका, अराध्या, तवीशा और सीरत, कक्षा चौथी से मायरा, तृषा, रीत, मन और माही, कक्षा पांचवीं से इशिका, अलीशा और वंशिका विजेता रहे।

---

**कार्यक्रम** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का किया आयोजन

**कार्यशाला किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बहुत जरूरी**

# फर्स्ट एड व बेसिक लाइफ स्पोर्ट बारे जागरूकता बहुत जरूरीः प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) खानपुर कलां के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान द्वारा विश्व युवक केन्द्र और बिलियन हाट्र्स बीटिंग फाउंडेशन (अपोलो हॉस्पिटल्स) के सहयोग से 10वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में फर्स्ट एड और बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण संगोष्ठी का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि ऐसी कार्यशाला किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए बहुत जरूरी है। लाइव डेमोस्ट्रेशन से छात्राओं में मनोबल भी बढ़ता है। फस्ट एड व बेसिक लाइफ स्पोर्ट के बारे में जागरूकता जरूरी है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव रहे। कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को लाइव डेमोंस्ट्रेशन और हैंड्स-ऑन अभ्यास के माध्यम से जीवन रक्षक कौशलों से सशक्त बनाना है। डॉ. श्रेष्ठा सिंह, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, अपोलो हॉस्पिटल ने फस्ट एड और बीएलएस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया।



गोहाना। कुलपति प्रो. सुदेश को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. वीना एचशर्मा और डॉ. कपिल यादव रहे। आगंतुक टीम में डॉ. श्रेष्ठा सिंह, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, अपोलो हॉस्पिटल; मोहित चौहान, हेड सीएसआर (उत्तर), बिलियन हाट्र्स बीटिंग फाउंडेशन (अपोलो); सतेंद्र सिंह, सुपरवाइजर ऑपरेशन्स सीएसआर (दिल्ली-एनसीआर), मुक्ता भारद्वाज, प्रोग्राम ऑफिसर, विश्व युवक केन्द्र; तथा प्रदीप खत्री, एमआईएस ऑफिसर, विश्व युवक केन्द्र शामिल रहे।



खरखौदा। ए ग्रेड प्रमाण पत्र के साथ एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### कैडेट्स को प्रमाण पत्र सौंपे

**खरखौदा।** फरमाणा स्कूल में शनिवार को एक विशेष समारोह का आयोजन कर एनसीसी के 25 कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। प्रथम हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी अमन चौधरी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्या सुनीता ने कहा कि एन सी सी प्रमाण पत्र प्राप्त करना कैडेट्स की लगन, अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम है। कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में एनसीसी से मिले अनुभवों और कौशलों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एनसीसी प्रभारी कैप्टन नरेंद्र दहिया ने कहा कि यह सभी कैडेट्स के लिए गर्व का क्षण है। प्रमाण पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह समर्पण, अनुशासन और देशभक्ति का प्रमाण है। एनसीसी का आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' आपके जीवन का पथ प्रदर्शक बनना चाहिए। राजबीर दहिया, महावीर दत्त,सुनील मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित

**सोनीपत।** जीवन रक्षक ब्लड समिति व महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को सेवा पखवाड़ा के तहत आईटीआई फरमाना में रक्तदान शिविर व नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण, डीटीओ संजय शर्मा, सब-इंस्पेक्टर अशोक व डॉ. देवयानी चमोली, गांव के सरपंच जगदीश गहलावत और आशीष कुमार ने किया। शिविर में रक्तदाताओं ने 51 यूनिट रक्तदान किया।

### जीवीएम में नशा मुक्ति अभियान आयोजित

**सोनीपत।** एनएसएस के सेवा पखवाड़ा के तहत जीवीएम गर्ल्स कालेज में शनिवार को ब्रह्माकुमारीज के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी, कोषाध्यक्ष राजेश रेलन और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह मौजूद रहे। उन्होंने नशा को जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने प्रस्तुत की। प्राचार्या डा. मंजुला एवं डा. रितु कटारिया और जीवीएमआईटीएम की प्राचार्या डा. मंजू पपरेजा ने अतिथियों का स्वागत किया।

संदिग्ध हालत में मिला शव, ससुराल पक्ष पर आरोप

# दहेज लेकर गर्भवती की हत्या का आरोप, तीन पर केस दर्ज

परिजनों ने कहा गला घोंट कर की हत्या

*पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल में भिजवा दिया, आरोपित पति बंटी, सास उषा व जीजा सुनील के खिलाफ जांच शुरू*

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

विवाहिता का संदिग्ध हालत में शव मिला। महिला के गले पर निशान मिले हैं। मृतका के परिवार वालों ने सुसराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व गला घोंट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। गन्नौर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल में भिजवा दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार घरौंडा निवासी 31 वर्षीय निशा का विवाह में भाखरपुर गांव निवासी बंटी के साथ हुआ था। निशा के पिता रामपाल ने बताया कि शादी के बाद से ही उसकी सुसराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। जिसमें उसका पति बंटी, सास उषा व अन्य लोग शामिल हैं। रामपाल का आरोप है कि उसकी बेटी के पति बंटी, सास उषा व जीजा सुनील ने उसकी बेटी निशा की फांसी पर लटका कर या किसी चीज से गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित पति बंटी, सास उषा व जीजा सुनील के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- भाखरपुर गांव निवासी बंटी के साथ हुआ था निशा की विवाह



सोनीपत। बेटी की मौत के बाद विलाप करती मां व उसके परिवार के सदस्य और मृतका निशा का फाइल फोटो।

### आठ माह से थी गर्भवती

निशा के पिता ने बताया कि वह आठ माह की गर्भवती थी। उसकी दो बेटियां भी हैं। उसका पति शराब के नशे में उसके साथ झगड़ा करता था। झगड़े के कारण निशा पिछले 6-7 से मायके में ही रह रही थी। सात दिन पहले ही बंटी व उसके परिवार वाले निशा को वापिस अपने घर ले गए थे। अब सात दिन बाद ही उनकी बेटी के साथ-साथ उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की भी हत्या कर दी गई।

### घरौंडा में करेंगे अंतिम संस्कार

गन्नौर थाना प्रभारी धीरज चौधरी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर तीन आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव उसके मायके वालों को सौंप दिया गया है। वह घरौंडा में निशा का अंतिम संस्कार करेंगे।

### परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

निशा की मौत के बाद उसके मायके पक्ष के लोग उपमंडल अस्पताल में पहुंचे। इस दौरान उनका निशा के ससुराल पक्ष के लोगों के साथ तू-तू मैं-मैं भी हुई। निशा के परिवार वालों ने बताया कि उन्हें निशा की हत्या के संबंध में उसके ससुराल वालों ने कोई सूचना नहीं दी। उन्हें गन्नौर उपमंडल अस्पताल से इस बारे में सूचना मिली। जिस पर वह अस्पातल पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। ऐसे में कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। सूचना के बाद गन्नौर थाना प्रभारी धीरज चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन दे कर मामला शांत करवाया।

आईआईएचएम गन्नौर परियोजना का एमडी मुकुल कुमार ने किया निरीक्षण

# समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत भौतिक कार्य पूर्ण : मुकुल कुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

भारत अंतरराष्ट्रीय बागवानी बाजार गन्नौर की परियोजना का निरीक्षण शनिवार को एचआईएचएमसीएल (इंटरनेशनल होरटीकल्चर मार्किट)के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुकुल कुमार ने किया। अधिकारियों के साथ परियोजना की संपूर्ण प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एमडी मुकुल कुमार ने बताया कि अब तक परियोजना का लगभग 50 प्रतिशत भौतिक कार्य पूरा हो चुका है। निरीक्षण के दौरान एमडी के मार्किट में शेड नंबर 1, 2, 3, 7 और 14, संस्थागत भवन, किसान विश्राम गृह तथा सड़क निर्माण कार्यों का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदार कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरा किया जाए।


### एसडीएम के साथ समस्याओं पर की चर्चा

मुकुल कुमार ने कहा कि किसी भी स्तर पर कार्य की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एमडी मुकुल कुमार ने परियोजना से जुड़े स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गन्नौर के एसडीएम के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान निकालने पर बल दिया ताकि काम में किसी प्रकार की देरी न हो। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादियान (एचसीएस), एचआईएचएमसीएल के मुख्य अभियंता मोहिंदर सिंह, आईआईएचएम गन्नौर के कार्यकारी अभियंता सुभाष चन्द्र एवं विजेंद्र सिंह, ठेकेदार कंपनी एनसीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक कमल खंडूजा तथा इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक राकेश भट्ट शामिल थे। ठेकेदार कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि श्रम और संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाकर कार्य की गति तेज की जाएगी।

सीनियर सिटीजन फोरम शालीमार बाग नई दिल्ली के सदस्यों का आगमन

# बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से मन मोह

रेणु विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन



राई। संस्थान के चेयरमैन एवं संस्थापक नानक चंद गुप्ता संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

रेणु विद्या मंदिर, बहालगढ़ में शिव पार्क सीनियर सिटीजन फोरम शालीमार बाग नई दिल्ली के सदस्यों का आगमन हुआ। संस्थान के चेयरमैन एवं संस्थापक नानक चंद गुप्ता ने किया। उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक ढंग से अभिनंदन किया गया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने धार्मिक भावनाओं से परिपूर्ण कृष्ण-सुदामा प्रसंग और ऊर्जावान शिव तांडव प्रस्तुत कर सभागार को भक्ति और उत्साह से भर दिया। दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से दी गई इन प्रस्तुतियों ने यह संदेश दिया कि प्रतिभा किसी सीमा में बंधी नहीं होती।

### अतिथियों ने बच्चों को दिया आशीर्वाद

*अतिथियों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और नई पीढ़ी को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं। विद्यालय की प्रेरणा रेणु गुप्ता ने स्वागत करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की धरोहर हैं और उनका अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करता है। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक मौजूद रहे।*



गोहाना। राज्यसभा सांसद को मांगपत्र सौंपते हुए महासभा के प्रतिनिधि।

## बैकवर्ड न रहकर फारवर्ड हो जाओ : जांगड़ा

**गोहाना।** राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि अब पिछड़े समाज के लोग बैकवर्ड न रहकर फारवर्ड हो जाओ। बैकवर्ड भवन का नाम अब प्रगतिशील भवन रखो। जांगड़ा रोहतक गेट के सामने पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा गोहाना के अध्यक्ष शेर सिहं बेडवाल के कार्यालय पर पिछड़े वर्ग के लोगों को संबोधित कर रहे थे। मंच संचालन प्रो. शमशेर भंडेरी ने किया। उन्होंने राज्यसभा सदस्य के समक्ष सरकार से सभी शहरों में समाज को पांच-पांच हजार वर्ग गज जगह आवंटित कराने की मांग की। इससे पूरे बैकवर्ड समाज के लोग शहरों में एक जगह अपने कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। गोहाना के बैकवर्ड भवन के लिए के लिए 25 लाख रुपये की ग्रांट देने की मांग की। इस पर राज्यसभा सदस्य जांगड़ा ने टिप्पणी की अब बैकवर्ड न रहकर फारवर्ड हो जाओ। वर्तमान समय लगातार आगे बढ़ते रहने का है। जांगड़ा ने सांसद निधि से 25 लाख रुपये देने घोषणा की। जांगड़ा ने रोहतक में श्री विश्वकर्मा महाकुंभ की सफलता पर पिछड़ा समाज का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष शेर सिहं बेडवाल, रामदिया रतेवाल, सत्यवती पांचाल, रामनिवास सैनी, रामभक्त फौजी, मुख्तियार डांगी, सोमपाल सैन, उमर सिहं बेडवाल, सुभाष भट्टी, धुलाराम, सुभाष चंद्र, महा सिहं पटवा व सुनील वत्स रहे।

कार्य की गुणवत्ता और गति की जानकारी ली

# सड़क निर्माण कार्य का पार्षद ने किया निरीक्षण



राई। निगम पार्षद पुनीत राई वार्ड में चल रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

नगर निगम के वार्ड राई गांव में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का स्थानीय पार्षद पुनीत राई ने रविवार को निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और गति की जानकारी ली। पार्षद ने मौके पर मौजूद ठेकेदार को कहा कि निर्माण कार्य को समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### निगम की आरे से लगातार किए जा रहे विकास कार्य

*पार्षद पुनीत राई ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि निगम की ओर से विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है और जल्द ही अन्य अधूरे कार्य भी पूरे करवाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान राकेश कौशिक, भारत ढाका, छोटे लाल, सुनील कोशिश, प्रेम कौशिक, धर्मपाल कौशिक, आनंद कौशिक, कृष्ण कौशिक सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।*

## गांव प्रीतमपुरा में विधायक आज करेगी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

**राई।** राई विधायक कृष्णा गहलावत 21 सितम्बर रविवार को प्रीतमपुरा से नाथूपुर तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास गांव के सरकारी स्कूल के पास किया जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत नारियल फोड़कर शिलान्यास करेंगी। जानकारी देते हुए विधायक के मीडिया प्रभारी योगेश कुमार ने बताया कि सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिलेगी और गांवों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। सड़क बनने से किसानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत राई हलके में सड़कों, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से करवा रही है। ग्रामीणों सड़क निर्माण को लेकर उत्साहित हैं।



विधायक कृष्णा गहलावत।



गन्नौर। स्कूल प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक छात्रों के साथ पौधरोपण करते हुए।

## नव ज्योति शिक्षा सदन में से मनाया विश्व स्वच्छता दिवस, किया पौधरोपण

**गन्नौर।** नव ज्योति शिक्षा सदन खुबडू भांवर में विश्व स्वच्छता दिवस मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक ने बताया कि विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि हमारी युवा पीढ़ी स्वच्छता के बारे में जितने जागरूक रहेगी उतना विश्व कल्याण के लिए बेहतर होगा। प्रधानाचार्य व सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय में पौधारोपण किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार है क्योंकि इन्हीं पेड़ पौधों की सहायता से हम सांस ले पाते हैं। पेड़ पौधे स्वच्छता रखने में सहायक है। हमें अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। विद्यार्थियों ने सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाकर तथा फूल देकर प्रधानाचार्य को जन्म दिवस की बधाई दी।

भाजपा खानपुर मंडल अध्यक्ष जस्सी खुराना के कार्यालय पर लगाया रक्तदान शिविर

# सेवा पखवाड़ाः शिविर में 118 ने कमाया रक्तदान का पुण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शनिवार को भाजपा खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना के गांव नगर स्थित कार्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 118 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर के मुख्य अतिथि एसीपी राहुल देव और नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी थे। शिविर में एसीपी राहुल देव, दो भाइयों में जस्सी खुराना और साहिल, जेएलएन स्कूल गोहाना से डॉ. सचिन शर्मा, विनोद सहरावत, अशोक सेन, सरपंच संदीप हुड्डा, संदीप, विकास, सचिन, एसीपी के रीडर सुनील कुमार, विकास मलिक, भूपेंद्र शर्मा, मोहित सैनी और अतुल तनेजा सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया।



गोहाना। शिविर में रक्तदान करते हुए एसीपी राहुल देव, साथ हैं आयोजक जस्सी खुराना व अन्य।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

*कार्यक्रम में थाना शहर गोहाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार, पीए सुनील और मोहनदत्त, भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, भाजपा नेता अरुण बड़ौक, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. रमेश कश्यप, रीना शर्मा, एडवोकेट संदीप सनसनवाल, धूला राम, सुरेश गिरधर, प्रदीप बड़वासनी, नरेंद्र गहलावत, शेर सिंह बेडवाल और एडवोकेट अजीत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।*

### रोजगार सहायता शिविर का किया आयोजन

*सोनीपत। सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला रोजगार कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार विभाग की योजनाओं के बारे में जागरूक करना तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग करना है।*

GOVT. PRIMARY SCHOOL JATHERI (18006) SONIPAT

सूचना

गाँव जठेड़ी के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला, जठेडी में कुक-कम-हेल्पर (केवल-महिला) के दो पद रिक्त हैं, तो कुक-कम-हेल्पर के कार्य हेतु गाँव जठेड़ी की स्थाई निवासी महिला को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।
इच्छुक महिला आवेदक दिनांक 30.09.2025 तक अपना आवेदन विद्यालय कार्यालय में जमा करवाएँ ।

Sd/-Head Teacher
Govt. Pry. School
Jatheri-18006 (SNP.)

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण धूल से हो रही परेशानी

# सीएम के आगमन पर, दुकानदार करेंगे अधर में लटकी सड़क की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

जीटी रोड पर मुरथल चौक के पास सड़क निर्माण कार्य न होने से पिछले करीब एक महीने से स्थानीय दुकानदार और राहगीर धूल व गंदगी से बुरी तरह परेशान हैं। आरोप है कि लोक निर्माण विभाग विभाग की लापरवाही के चलते सड़क के बीचों-बीच धूल उड़ रही है, जिससे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है और राहगीरों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि रोजाना सड़क से गुजरने वाले लोग धूल की वजह से रुकते नहीं हैं। धूल के कारण सांस और आंखों की समस्याएं बढ़ रही हैं।



राई। सड़क निर्माण न होने व धूल से परेशान होकर नारेबाजी करते दुकानदार।

### दुकानदारों ने दी चेतावनी

*वहीं वाहन चालक सुरेश, सतबीर, विकास, महेन्द्र का कहना कि एक तरफ सरकार स्वच्छता अभियान चला रही है, जबकि दूसरी ओर मुरथल रोड पर धूल और गंदगी की वजह से लोग बेहाल हैं। सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़े जाने से सबसे बड़ा खतरा बीच सड़क पर लगे बिजली के खंभों से है। न तो वहां कोई डिवाइडर बनाया गया है। दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि वे सोनीपत आगमन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सीधे शिकायत करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित मुरथल विश्वविद्यालय दौरे के दौरान विभाग की लापरवाही की शिकायत करेंगे और समस्या का समाधान करवाने की मांग करेंगे। उन्होंने उपायुक्त से मांग की है सड़क पर सुरक्षा प्रबंध किए जाएं। फिलहाल, मुरथल रोड पर उड़ती धूल और अधूरे निर्माण कार्य ने दुकानदारों और आम जनता दोनों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।*

### ठेकेदार नहीं करवा रहा निर्माण कार्य : एसडीओ

इस बारे में सड़क निर्माण विभाग के एसडीओ दिलबाग मेहरा ने बताया कि वे ठेकेदार को बार-बार आदेश कर चुके है लेकिन ठेकेदार सड़क का निर्माण नही करवा रहा। वे उच्च अधिकारियों को अवगत करवाएंगे। इसके बाद विभाग के एक्सईन पंकज गौड से बात की तो उन्होंने बताया कि वे किसी कार्य से बाहर गए है। एसडीओ से बात करेंगे।

श्रद्धांजलि



अत्यंत दुख के साथ सुचित किया जाता है कि हमारी आदरणीय माताजी
श्रीमति तेज कौर
(धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री कपूर सिंह अहलावत)
का स्वर्गवास दिनांक 14 सितम्बर 2025 को हो गया है। उनकी पुण्य आत्मा की शांति के लिए बैठक एवं तेहरवीं निम्न कार्यक्रमानुसार नियोजित किया गया है।

बैठक
दिनांक 16 सितम्बर 2025 से 21 सितम्बर 2025
सुबह 9:00 बजे से सायंकाल 5::00 बजे तक

तेहरवीं
दिनांक 22 सितम्बर 2025
हवन सुबह 10:00 बजे

स्थान : बी-71-72, साउथ सिटी-1, गुरुग्राम

शोकाकुल परिवार
सुनीता एवं दयानंद सिंह गहलोत (पुत्री एवं दामाद) ऋतू एवं अनुराग गहलोत (पौत्र एवं पौत्रवधु) शाशा गहलोत और अनुभव गहलोत (परपौत्री और परपौत्र)
समस्त एम्बिएस, अहलावत एवं गहलोत परिवार